**समीक्षा बैठक** — लापरवाही पर नगरपालिका इंजीनियर को नोटिस, डायरिया के प्रत्येक प्रकरण की सतत ट्रेकिंग के निर्देश

# वर्षाकाल के दौरान नौका संचालन व फिशिंग पर रहे पूर्ण प्रतिबंध : डीएम

**नवभारत, मंडला।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि वर्षाकाल में साहस्त्रधारा एवं अन्य जलाशयों में जलस्तर बढ़ने के कारण नौका संचालन एवं फिशिंग जैसी गतिविधियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित रहें। उन्होंने सभी नौकाओं की फिटनेस जाँच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बढ़े जलस्तर के बावजूद नियमविरूद्ध नौका संचालन होने पर नगर पालिका के इंजीनियर श्री जयप्रकाश डहरिया को लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ लोगों के जीवन के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में वर्षाकाल तक फिशिंग एवं नौका संचालन न हो। कलेक्टर श्री धोटे जिला योजना भवन में आयोजित टीएल बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन प्रकरणों का समय-सीमा में



निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि 500 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर प्रति शिकायत 1000 रुपये का दंड लगाया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व एवं नगरीय आवास विभाग को लंबित प्रकरणों के निराकरण पर फोकस करने के निर्देश दिए। बैठक में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मानधन योजना के अंतर्गत भी श्रमिक पंजीयन बढ़ाने को कहा।

बैठक में 16 जुलाई को जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल के प्रस्तावित सांदीपनि विद्यालय अंजनिया भ्रमण एवं उसी दिन आयोजित होने वाले एनीमिया मुक्त मंडला अभियान के शुभारंभ की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही कलेक्टर श्री धोटे ने प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए बताया कि अब तक 2882 पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने इस कार्य में और गति लाते हुए संख्या बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान बैठक में सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, एडीएम राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डायरिया के प्रत्येक प्रकरण की सतत ट्रेकिंग के निर्देश

कलेक्टर श्री धोटे ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एंटी वेनम एवं दवाओं की उपलब्धता संबंधी जानकारी प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें। डायरिया के मामलों की सतत निगरानी के लिए जिला अस्पताल में केस ट्रैकिंग की व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी विकासखंडों के बीएमओ प्रतिदिन एसडीएम को डायरिया मरीजों की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके।

# रानी दुर्गावती कॉलेज में अभाविप की जनजाति छात्र चौपाल आयोजित

**कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके व माखन शर्मा ने किया मार्गदर्शन**

**मंडला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला नगर इकाई द्वारा रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंडला में जनजाति छात्र चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष चौपाल का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को उजागर करना तथा युवा छात्रों को शिक्षा व रोजगार के नए अवसरों से जोड़ना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समाज का इतिहास बेहद गौरवशाली और प्रेरणादायक रहा है।

उन्होंने युवाओं से अपनी अनूठी संस्कृति, समृद्ध परंपरा और प्रकृति संरक्षण के संकल्प को बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा और विकास के लिए चलाई जा रही




विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा छात्र व राष्ट्रहित में विद्यार्थी परिषद द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यों की सराहना की।

**इनकी रही उपस्थिति :** महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस चौपाल में जिला संगठन मंत्री जितेंद्र यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल, जिला संयोजक प्रिंस सिंह, नगर मंत्री उमंग राय सहित बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के छात्र-छात्राएं और अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अभाविप के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य माखन शर्मा ने युवाओं को आधुनिक शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा के साथ हुनरमंद होना बेहद आवश्यक है, जिससे रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए मार्ग प्रशस्त होते हैं। उन्होंने अभाविप द्वारा चलाए जा रहे छात्रहितैषी अभियानों और आगामी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। जनजाति छात्र चौपाल के दौरान विभिन्न विषयों पर मंथन किया गया। जिसमें जनजातीय नायकों के ऐतिहासिक योगदान और सांस्कृतिक धरोहर का स्मरण।

## एक नजर में



### नगरीय क्षेत्र में 49 जर्जर भवन चिन्हित

**मंडला।** आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका परिषद, मंडला द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान कराए गए सर्वेक्षण के आधार पर नगर क्षेत्र में 49 जर्जर एवं जोखिमपूर्ण भवनों की पहचान की गई है। इन भवनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशानुसार चिन्हित भवनों के स्वामियों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 6 स्थित आदित्य साहू के जर्जर भवन को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के साथ नगर पालिका की टीम द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई जर्जर अथवा खतरनाक भवन दिखाई दे, तो उसकी जानकारी तत्काल नगर पालिका एवं संबंधित भवन स्वामी को दें तथा प्रशासन का सहयोग करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने में सहयोग करें।

### हीरा सिंह उइके बने भारतीय जागृति मिशन के जिला मीडिया प्रभारी

**मंडला।** सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय संगठन भारतीय जागृति मिशन ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए हीरा सिंह उइके को बड़ी जिम्मेदारी



सौंपी है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा हीरा सिंह उइके को जिले का मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। अपनी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर नव-नियुक्त जिला मीडिया प्रभारी हीरा सिंह उइके ने खुशी जाहिर करते हुए संगठन के पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने भारतीय जागृति मिशन के संस्थापक सुरेश गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम साहू और प्रदेश सचिव महिला संघ सोमवती धुर्वे सहित समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आज से शुरू होगा दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान

**मंडला।** जिले में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का प्रथम चरण 14 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित होगा। सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि अभियान के दौरान एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीमें घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच करेंगी तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगी।

## पड़रिया पंचायत करा रही शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा



**नारायणगंज।** नारायणगंज जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया और नारायणगंज में शासकीय जमीन नवीन हाई स्कूल के आसपास अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है जो की सरपंच और सचिव के जानकारी में है विगत माह में पंचायत द्वारा पक्के निर्माण बाली अतिक्रमण को हटाया गया था क्योंकि नवीन हाई स्कूल के आसपास अतिक्रमण किया गया था जिसको हटाया गया परंतु कुछ दिनों बाद धीरे-धीरे पुनः उसी जगह में अतिक्रमण किया जा रहा है यह अतिक्रमण शासकीय अवकाश के दिनों में किया जाता है जिसके कारण अधिकारियों की नजर इन अतिक्रमण कार्यों पर नहीं पड़ रही है रातों-रात अतिक्रमण किया जा रहा है परंतु पंचायत के सरपंच सचिव चुप बैठे हैं नवीन हाई स्कूल के के मुख्य द्वारा के सामने में भी अतिक्रमण किया गया है जो की अभी तक नहीं हटाया गया है इस सब की जानकारी सरपंच सचिव एवं संबंधी अधिकारियों को भी है परंतु न जाने किस कारण अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है इस संबंध में 181 एवं कोर्ट से स्टे लगा हुआ है परंतु उसके बाद भी रातों-रात अवैध कब्जा सास की जमीन पर किया जा रहा है।

# जिले के हर बूथ तक एसटी मोर्चा देगी डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण

**भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई एसटी मोर्चा की बैठक**

**मंडला।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के मार्गदर्शन में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, डिजिटल लर्निंग प्रभारी प्रीतम मरावी, प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, प्रदेश कोषाध्यक्ष आसाराम भारतीया, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रुचिराम गुरुवाणी, भाजपा जिला महामंत्री नरेश चंद्रोल, जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा,जिला महामंत्री एसटी



मोर्चा सुधीर मरावी, जिला महामंत्री एसटी मोर्चा टेकचंद पन्द्रो, मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. विजय सरवटे, विजय आनंद मरावी, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा शिवप्रसाद पुसाम सहित जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर डिजिटल साक्षरता एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा इसके माध्यम से कार्यकर्ता आधुनिक तकनीक से जुड़कर संगठन की गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा सकेंगे।

## नारायणगंज में एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचने के आरोप, उपभोक्ताओं ने उठाए सवाल



**नारायणगंज।** नगर नारायणगंज स्थित शराब दुकान पर निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी ) से अधिक कीमत पर शराब बेचे जाने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि लंबे समय से विभिन्न ब्रांड की शराब एमआरपी से अधिक दर पर बेची जा रही है, जिससे ग्राहकों को अतिरिक्त राशि चुकानी पड़ रही है।

उपभोक्ताओं के अनुसार, शराब की बोतलों पर अंकित एमआरपी और दुकान पर वसूली जा रही कीमत में अंतर है। एक उपभोक्ता ने बताया कि जिस शराब की बोतल पर 344 रुपये एमआरपी अंकित थी, उसके बदले 390 रुपये की मांग की गई। पूछताछ करने पर दुकान में मौजूद कर्मचारी ने बताया कि पहले इसकी कीमत 390 रुपये थी और संभवतः हाल ही में दरों में कमी हुई है। हालांकि, विरोध करने पर संबंधित ग्राहक को वही शराब एमआरपी पर उपलब्ध करा दी गई। ग्राहकों का यह भी कहना है कि दुकान पर लगे बारकोड कई बार आसानी से स्कैन नहीं होते, जिससे वास्तविक मूल्य की पुष्टि करने में कठिनाई होती है। वहीं, मूल्य सूची प्रदर्शित होने के बावजूद एमआरपी से अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

# स्कूटी से अवैध शराब की तस्करी कर रहा युवक गिरफ्तार

**53 हजार का मशरूका जब्त पिंडरई में 30 पाव शराब के साथ आरोपी धराया**

**नैनपुर।** जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में पिंडरई चौकी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी नैनपुर मंशाराम वगेन के नेतृत्व में पिंडरई चौकी



पुलिस को क्षेत्र में अवैध शराब के परिवहन और विक्रय की शिकायत प्राप्त हुई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार हिरकने के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर एक संदिग्ध स्कूटी सवार को रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध शराब बरामद की गई, जिसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की पहचान जयप्रकाश उर्फ राजा चक्रवर्ती पिता विजय कुमार चक्रवर्ती निवासी वार्ड क्रमांक 11, गुजरी मोहल्ला, पिंडरई के रूप में की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक प्लेजर स्कूटी क्रमांक एमपी 51 एचएस 6118 और 30 पाव देशी, अंग्रेजी प्लेन शराब जब्त की है।

### कार्रवाई में पुलिस टीम की भूमिका

पुलिस ने बताया कि जब्त शराब की अनुमानित कीमत 3 हजार 600 रूपए, जब्त स्कूटी की अनुमानित कीमत 50 हजार रूपए समेत कुल मशरूका 53 हजार 600 रूपए जब्त किया गया। अवैध शराब के खिलाफ की गई इस त्वरित और सफल कार्रवाई में पिंडरई चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार हिरकने, सहायक उप निरीक्षक सेवकराम टेभरे और आरक्षक सचिन रंगारे की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

**शुरू हुआ दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण**

# पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के लिए 958 गांवों में चलेगा अभियान

**मंडला।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में शासन की महत्वाकांक्षी दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ 13 जुलाई से किया गया है। कलेक्टर मंडला की अध्यक्षता में संचालित इस अभियान का उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन, संतुलित पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन एवं नस्ल सुधार संबंधी जानकारी प्रदान कर दुग्ध उत्पादन और गुणवत्ता में वृद्धि करना है।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के 218 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, गो-मैत्री एवं



गौसेवकों द्वारा ऐसे पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा, जिनके पास 3 से 4 गाय अथवा भैंस हैं। अभियान के दौरान पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले के 958 गांवों में पहुंचकर लक्षित पशुपालकों को अभियान से जोड़ा जाएगा। यह विशेष संपर्क अभियान 13 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक संचालित होगा।

अभियान के दौरान एकत्रित सभी जानकारियां मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाएंगी।

# सब्जी मंडी में स्वच्छता के प्रति विक्रेताओं को किया जागरूक

**मंडला।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत शनिवार को मंडला स्थित मुख्य सब्जी मंडी में विशेष आईईसी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सब्जी मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखना और विक्रेताओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान आईईसी टीम द्वारा सब्जी विक्रेताओं से सीधा संवाद किया गया और उन्हें मंडी परिसर को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान सभी सब्जी विक्रेताओं को अपनी-अपनी



दुकानों व ठेलों पर डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने की सलाह दी गई। सब्जियों के बचे हुए अपशिष्ट और अन्य सूखे व गीले कचरे को केवल नगर पालिका के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने का आग्रह किया गया।

**जनसहभागिता से ही बनेगा स्वच्छ और सुंदर शहर :** टीम ने विक्रेताओं को समझाते हुए कहा कि सड़क, नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने से न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि बीमारियों का भी खतरा बढ़ता है। एक स्वच्छ, सुंदर और आदर्श मंडी का निर्माण नगर पालिका के प्रयासों के साथ-साथ प्रत्येक व्यापारी और नागरिक की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है। सभी से मंडला को स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए सहयोग की अपील की गई।

# सूने मकान का ताला तोड़कर साढ़े आठ लाख के जेवर व नकदी पार

**भुआ बिछिया।** क्षेत्र में बेखौफ घूम रहे चोरों ने एक बार फिर पुलिस गश्त को चुनौती देते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। भुआ बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक कॉलोनी स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लगभग साढ़े आठ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार ब्लॉक कॉलोनी निवासी पेशे से शिक्षक डोलन धुमकेतु निजी काम से



जबलपुर गए हुए थे। मकान को सूना पाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और भीतर रखे करीब 7 लाख 40 हजार मूल्य के स्वर्ण व रजत आभूषण तथा नकदी चुरा ली। घटना का खुलासा तब हुआ जब शिक्षक धुमकेतु सुबह करीब 11 बजे जबलपुर से वापस बिछिया पहुंचे। घर का मुख्य ताला टूटा हुआ और अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना भुआ बिछिया थाना पुलिस को दी।

### साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज

चोरी की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडला से डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस आसपास की गलियों व मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

**प्रतियोगिता** — महात्मा गांधी स्टेडियम में 250 खिलाड़ियों के बीच हुई चयन स्पर्धा

# जिले की एथलेटिक्स टीम घोषित, जबलपुर में दिखाएगी दमखम

**मंडला।** आगामी 62वीं मध्यप्रदेश इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 के लिए मंडला जिले की एथलेटिक्स टीम का चयन रविवार को महात्मा गांधी स्टेडियम, मंडला में आयोजित जिला स्तरीय ट्रायल के माध्यम से संपन्न हुआ। जिला एथलेटिक्स संघ मंडला के तत्वावधान में आयोजित इस चयन ट्रायल में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए लगभग 250 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरी चयन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं एथलेटिक्स के



तकनीकी मानकों के अनुरूप आयोजित की गई।

### 21 से 23 अगस्त तक जबलपुर में जुटेंगे प्रदेश भर के खिलाड़ी

जिला एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी सचिव देवेन्द्र सरोते ने बताया कि चयनित खिलाड़ी आगामी 21 से 23 अगस्त तक जबलपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ी अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 एवं अंडर-23 आयु वर्गों में मंडला जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ियों में ट्रायथलॉन में अमृता, अंश, 100 मीटर में ब्रजेश, समीक्ष सोनकेशरी, 200 मीटर में अनुराग सरोते, 400 मीटर में इशांत, 800 मीटर में ओम चंद्रोल, शिवी, 1000 मीटर में अनुराज धुर्वे, 5000 मीटर में लक्की जंघेला, जैवलिन थ्रो में नील नेताम, हाई जंप में हनी ठाकुर, शॉटपुट में हिमांशु नंदा को चुना गया है। इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव डॉ. रमेश शुक्ला, अध्यक्ष वेद प्रकाश कुलस्ते, उपाध्यक्ष संतलाल नेताम, डॉ. दिलीप शर्मा, डॉ. गुलबहार खान, संदीप कछवाहा, पंकज उसराठे, त्रिलोक डोंगरे सहित संघ के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।

# पीएम जनमन योजना का बुरा हाल, 6 माह से अधूरी पड़ी प्रधानमंत्री सड़क

**घुघरी, मंडला।** विकासखंड घुघरी के ग्राम बैगा टोला बरवानी में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कार्य पिछले छह महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है। कछुआ गति से चल रहे निर्माण कार्य और बदहाल मार्ग के कारण स्थानीय ग्रामीणों, स्कूली बच्चों तथा राहगीरों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने से मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। बारिश के मौसम में सड़क पर कीचड़ और गहरे गड्ढे बन जाने से आवागमन बेहद जोखिम भरा हो गया है। इस अव्यवस्था का सबसे बड़ा खामियाजा विशेष संरक्षित




बैगा जनजाति के मासूम बच्चों और परिवारों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें रोजाना जान जोखिम में डालकर स्कूल, अस्पताल और दैनिक राशन व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर है। उन्होंने संबंधित विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि सड़क का निर्माण कार्य अविलंब पूरा कराया जाए, जिससे लोगों को सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। यदि सड़क का निर्माण कार्य जल्द नहीं कराया गया, तो ग्राम सरपंच के नेतृत्व में बैगा जनजाति के बाल-बच्चों व परिवारों को लेकर जिला मुख्यालय स्थित जनसुनवाई में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।